**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 13.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **पश्चिमी सिंहभूम में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, हथियार भी बरामद, इलाके में सर्च अभियान जारी।।**
2. **राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ने रांची समेत राज्यभर में निकाली तिरंगा यात्रा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोगों से अभियान में शामिल होने का किया आग्रह।**
3. **राज्य में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी अंतिम चरण में, सभी जिलों में पैरेड का हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल।**
4. **राज्य में जून से अब तक सामान्य से 38 प्रतिशत अधिक बारिश, मौसम विभाग ने आज भी कई हिस्सों में आंधी–तूफान के साथ वर्षा और वज्रपात की जारी की चेतावनी।**
5. **15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप में दूसरी बार खिताब जीतने वाली झारखंड की टीम आज शाम पहुंचेगी रांची, भव्य स्वागत की तैयारी।**

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सौता गांव के पास आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की सूचना है, जिसका शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। मौके से हथियार भी बरामद हुआ है। आईजी अभियान डॉ. माइकल राज ने बताया कि इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राजधानी रांची के मोरहाबादी से आज निकाली गयी तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस मौके पर उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी वर्ग के लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है।

तिरंगा यात्रा में शामिल सांसद आदित्य साहु ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य नागरिकों और राष्ट्रीय ध्वज के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मज़बूत करना है, जिससे देशभक्ति को बल मिलता है।

******************

राज्य के अन्य हिस्सों में भी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड मुख्यालय में भाजपा नेता माधव चन्द्र महतो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के जवानों के पराक्रम को नमन किया गया। उधर देवघर में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। गुमला में भी भाजपा और विभिन्न सामाजिक संगठनो और स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा के प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्र ने किया। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया और पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी शामिल हुए।

******************

उधर, हजारीबाग में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भाजपा युवा मोर्चा ने डेढ़ किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का शहर के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

******************

जेएलकेएम प्रमुख सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने भाजपा नेता सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। धनबाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के बाद एनकाउंटर हुई है तो इस पर उच्च स्तरीय जांच जरुरी है।

******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू रांची पहुंचे हैं। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पार्टी के मंत्रियों और नेताओं ने उनका स्वागत किया। के. राजू रांची से नेमरा के लिए रवाना हो गये हैं। वे दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देंगे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे।

******************

राज्य में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी अंतिम चरण में है। आज सभी जिलों में डीसी और एसपी ने पैरेड का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। रांची में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी मैदान में आज फाइनल पैरेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि इस बार राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। एसएसपी श्री सिन्हा ने कहा कि समरोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

******************

इस बीच हमारे संवाददाता ने बताया कि रांची के ऐतिहासिक मोराहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह को आकर्षक रुप देन की तैयारी चल रही है।

******************

झारखंड समेत 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 200 पंचायत प्रतिनिधि 15 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस वर्ष के विशेष अतिथियों में बड़ी संख्या में महिला पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं, जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायतों में बेहतर बुनियादी ढांचा, बेहतर सार्वजनिक सेवाएं और समावेशी सामुदायिक पहल जैसे

उल्लेखनीय सुधार लाए हैं। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि इन विशेष अतिथियों के लिए कल नई दिल्ली में एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

******************

भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों ने ज़ोरदार खरीदारी के चलते दिन की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ की। सेंसेक्स 232 अंक बढ़कर 80 हजार 468 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी शुरुआती कारोबार में 94 अंक की बढ़त के साथ 24 हजार 582 पर पहुंच गया।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने का असर झारखंड में भी देखा जायेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि आज राज्य के सभी जिलों में कहीं–कहीं आंधी–तूफान के साथ वर्षा और वज्रपात होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव का क्षेत्र अगले 24 घंटे में पूरी तरह से घनीभूत हो जायेगा, जिसके असर से झारखंड में फिर मौसम बदलेगा। राज्य में पिछले 48 घंटे तक मानसून कमजोर रहने के बाद यह एक बार फिर सक्रिय होने वाला है। राज्य में मानसून सीजन में अब तक 865 दशमलव 5 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य वर्षापात 627 दशमलव 6 मिलीमीटर की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है।

******************

आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप 2025 में दूसरी बार खिताब जीतने वाली झारखंड की टीम आज शाम सात बजे रांची पहुंचेगी। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर इन खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया जायेगा।

********समाप्त***********